नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,संबलपुर की द्वितीय छमाही बैठक सम्पन्न
''हिंदी हमें आपस में जोड़ती है - श्री केशव राव

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड, मुख्यालय संबलपुर में दिनांक 24.11.2022 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,संबलपुर की द्वितीय छमाही बैठक श्री केशव राव, निदेशक (कार्मिक) एमसीएल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में नराकास, संबलपुर के सभी सदस्य कार्यालयों के प्रमुख/प्रतिनिधि एवं राजभाषा अधिकारीगण उपस्थित हुए ।

अध्यक्ष महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि बैठक में आप सभी की बहुतायत संख्या में उपस्थिति ही राजभाषा के प्रति आपकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सभी सदस्य कार्यालय अपने-अपने कारोबार के लिए अधिक से अधिक लोगों से हिंदी में एक दूसरे से वार्तालाप करके हिंदी के प्रचार-प्रसार में अपना सहयोग दे रहे हैं, जो कि सराहनीय प्रयास है। राजभाषा हिंदी हमें आपस में जोड़ती है, यह एक संपर्क भाषा है। प्रेरणा और प्रोत्साहन के माध्यम से हम सभी राजभाषा का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। हमारा देश विविधताओं से भरा हुआ है, सभी प्रदेशों की अपनी अलग-अलग भाषाएं है, हमें सबसे पहले अपनी मातृभाषा इसके बाद हिंदी और बाद में अंगेजी का सम्मान करना चाहिए। हम जितनी अधिक भाषाएं सीखेंगे उतना ही हमारा बौद्धिक विकास होगा और यही कारण है कि हमारे देश से विदेशों में काम करने वाले बहुत ज्यादा सफल हो रहे हैं। हिंदी की व्यापकता के लिए हमें हिंदी को व्यापार एवं कानून की भाषा बनानी होगी। उन्होंने साउथ अफ्रिका में हिंदी के प्रचार-प्रसार का उदाहरण देते हुए कहा कि विदेशों में हिंदी का प्रभाव दिनोदिन बढ़ रहा है।

आगे उन्होंने राजभाषा नीति के तहत विभिन्न बिन्दुओं पर सुझाव देते हुए कहा कि नराकास के सभी सरकारी कार्यालयों/बैंकों/उपक्रमों में राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3), हिंदी पत्राचार,हिंदी टिप्पणी आदि का अनुपालन निर्धारित लक्ष्य के अनुसार किया जाए।

बैठक के प्रारंभ में श्री सौमेन घोष, महाप्रबंधक(राजभाषा)/सदस्य सचिव, नराकास,संबलपुर ने अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग एवं प्रचार-प्रसार के लिए नराकास का यह मंच काफी महत्वपूर्ण है । इसमें हम सभी राजभाषा हिंदी के विकास हेतु परस्पर विचार-विनिमय करते हैं एवं आवश्यकतानुसार सहयोग भी करते हैं।

बैठक में श्री लालचंद यादव, पुलिस महानिरीक्षक, सीआरपीएफ, श्री अनिल प्रकाश, मुख्य परियोजना अधिकारी, पूर्व तट रेलवे, कु. शैलेजा, सहायक निदेशक हस्तशिल्प, श्री ललित कुमार उदगाना, सहायक महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, श्री अनमोल उत्सव, मुख्य प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक, श्री सरोज कुमार नायक, मुख्य प्रबंधक, यूनियन बैंक, श्री प्रमोद कुमार, अधीक्षण अभियंता, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, श्री प्रशांत कुमार शडंगी, प्राचार्य, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1, श्री गणेश प्रधान, प्राचार्य, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 2 एवं श्री मिथिलेश कुमार, मंडल प्रबंधक, यूनाइटेड

इन्श्योरेंस ने भी हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं आधुनिक तकनीकी का प्रयोग करते हुए कार्यालयीन कार्यों में वृद्धि लाने का सुझाव दिए। कार्यालयों में हिंदी प्रगामी प्रयोग में वद्धि के लिए गूगल लेंस एवं वाइस टाइपिंग आदि के प्रयोग पर चर्चा हुई और इसके अधिक से अधिक उपयोग करने का सुझाव दिया गया ।

बैठक में वर्ष 2021-22 के दौरान अध्यक्ष महोदय के कर-कमलों से बेहतर राजभाषा कर्यान्वयन के लिए चयनित सदस्य कार्यालयों को नराकास राजभाषा कार्यान्वयन पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

बैठक के संचालन में राजभाषा विभाग, एमसीएल की भूमिका सराहनीय रही।

द्वितीय छमाही समीक्षा बैठक
दिनांक :24.11.2022
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर - 768020
श्री सौमेन घोष
श्री केशव राव
कार्यालय प्रमुख

MCL
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति
द्वितीय छमाही समीक्षा बैठक
दिनांक :24.11.2022
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर - 768020

MCL
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति
द्वितीय छमाही समीक्षा बैठक
दिनांक :24.11.2022
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड

MCL
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति
द्वितीय छमाही समीक्षा बैठक
दिनांक :24.11.2022
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर - 768020